# आकाशवाणी शिमला
## 13.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार :-

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शिमला में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का किया शिलान्यास।
- जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदेश सरकार पर केन्द्र से मिली आर्थिक मदद को सही ढंग से खर्च न करने और इसमें भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– सरकार विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के लिए प्रयासरत।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात से तापमान में गिरावट।

## नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भाजपा ने हमेशा जवाबदेही और सुशासन की राजनीति की है। शिमला के उपनगर टुटू के समीप मजठाई में आज भाजपा के प्रदेश कार्यालय के शिलान्यास के बाद पीटरहॉफ में आयोजित अभिनन्दन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा को छोड़ कर देश की अन्य सभी राजनीतिक पार्टियां सत्ता सुख में डूबी हुई हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...........

*बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और भाजपा की प्रचंड जीत के बाद पहली बार अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला आने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के सम्मान में प्रदेश भाजपा ने भव्य अभिनन्दन रैली का आयोजन किया। अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है वहीं देश भर में बन रहे भाजपा कार्यालयों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये केवल इमारतें नहीं बल्कि संस्कार केंद्र हैं जो जनता की सेवा और देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। .................बाईट. .......जेपी नड्डा.......*

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार निष्ठ पार्टी है जिसका प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता विचारधारा के प्रति समर्पित हैं जबकि कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल विचार शून्य हैं।*

*जगत प्रकाश नड्डा ने ये भी कहा कि केंद्र सरकार ने तुष्टिकरण की निति के विपरीत वक़्फ़ बोर्ड कानून में संशोधन और तीन तलाक़ को ख़त्म कर मुस्लिम समुदाय को राहत दी है।*

*प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु को आड़े हाथ लेते हुए नड्डा ने केंद्र द्वारा उपलब्ध करवाई गई आर्थिक मदद की राशि का आंकड़ों सहित हवाला दिया और कांग्रेस सरकार पर इसे सही ढंग से खर्च ना करने व इसमें भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए।* .

*लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने भी रैली को सम्बोधित किया।* रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में दृढ़ता से कार्य किया जा रहा है। वे आज शिमला स्थित शिक्षा निदेशालय में अत्याधुनिक शैक्षणिक अवसंरचना के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्री–नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल परिसर में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके अलावा अध्यापक अपने मोबाइल फोन स्टाफ रूम या बैग में रख सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार ने सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार किए हैं जिनकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

**लोक अदालत**

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज प्रदेश भर में राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। इन अदालतों में प्री–लिटिगेशन और लंबित मामलों का निपटारा किया गया। इन अदालतों में एक सौ 28 बैंचों के समक्ष एक लाख 28 हज़ार 7 सौ 11 मामले उठाए गए जिनमें से 83 हज़ार 3 सौ 25 का निपटारा किया गया।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मण्डी शहर के लिए बनी ऊहल पेयजल योजना की पाइप लाइन का आज सकोर गांव के समीप निरीक्षण किया। ये पेयजल योजना पिछले दिनों पहाड़ी दरकने से कई जगह बार–बार क्षतिग्रस्त हुई थी। उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को इस पाइप लाइन के स्थिरीकरण के लिए स्थायी समाधान और लोगों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति बहाल करने के दिशा निर्देश दिए।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में शुष्क मौसम का दौर लगातार जारी है। राज्य में दिसम्बर माह के पहले पखवाडे में बारिश व बर्फवारी न होने से सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर आज बादल छाए रहे जबकि लाहौल–स्पिति, किन्नौर और चम्बा ज़िले के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्का हिमपात हुआ है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है इसके चलते अगले 24 घंटों में ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हिमपात व हल्की वर्षा होने की संभावना है।

**रेल परियोजनाएं**

केन्द्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदेश में रेल परियोजनाओं में देरी के लिए राज्य सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया है। राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रेल परियोजनाओं के लिए भूमि स्थानांतरित न करने और परियोजनाओं में राज्य सरकार की हिस्सेदारी न मिलने की वजह से इनके कार्यान्वयन में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि भानुपल्ली–बिलासपुर–बैरी रेलवे लाइन के लिए प्रदेश में एक सौ 24 हैक्टेयर भूमि की ज़रूरत है लेकिन राज्य सरकार ने रेलवे को अभी तक केवल 82 हैक्टेयर भूमि स्थानांतरित की है।

**संसद हमला**

देश आज संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन संसद पर आतंकी हमला हुआ था। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों ने संसद भवन परिसर में शहीद सुरक्षाकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की।

**धर्मशाला मैच**

भारत–दक्षिण अफ्रीका टी–ट्वेंटी सीरीज का तीसरा मैच कल 14 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेला जाएगा। पांच मैचों की श्रंखला में भारत और दक्षिण अफ्रीका एक–एक से बराबरी पर हैं, ऐसे में धर्मशाला में होने वाले तीसरे मैच में दोनों टीमें बढ़त बनाना चाहेंगी। इससे पहले, भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कल धर्मशाला पहुंची। प्रशासन की ओर से स्टेडियम में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर....**

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शिमला में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का किया शिलान्यास।
- जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदेश सरकार पर केन्द्र से मिली आर्थिक मदद को सही ढंग से खर्च न करने और इसमें भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– सरकार विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल विकसित करने के लिए प्रयासरत।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात से तापमान में गिरावट।